
# 7. वृत्त


BCBZ46

## ❐ त्रिज्या, जीवा, व्यास





1. वृत्त के केंद्र और वृत्त पर स्थित किसी बिंदु को मिलाने वाले रेखाखंड को उस वृत्त की **त्रिज्या** कहते हैं ।

   आकृति में बिंदु P वृत्त का केंद्र और बिंदु M वृत्त पर स्थित एक बिंदु है ।
   रेखाखंड PM इस वृत्त की एक त्रिज्या है ।
   एक वृत्त में कई त्रिज्याएँ होती हैं और सभी त्रिज्याएँ समान लंबाईवाली होती हैं ।





2. वृत्त पर स्थित किन्हीं भी दो बिंदुओं को मिलाने वाले रेखाखंड को **जीवा** कहते हैं । आकृति में M और N वृत्त पर स्थित बिंदु हैं । रेखाखंड MN वृत्त की जीवा है ।





3. वृत्त के केंद्र से जाने वाली जीवा को वृत्त का **व्यास** कहते हैं । आकृति में, जीवा AB पर वृत्त का केंद्र, बिंदु P स्थित है । इसलिए जीवा AB वृत्त का व्यास है । एक वृत्त की कई (असंख्य) जीवाएँ तथा कई (असंख्य) व्यास होते हैं ।

- नीचे दी गई आकृति में बिंदु O वृत्त का केंद्र है । आकृति में कुछ और बिंदु तथा रेखाखंड भी दर्शाए गए हैं । इस वृत्त की त्रिज्या, व्यास तथा जीवा पहचानो और उनके नाम लिखो ।




| | |
|---|---|
| त्रिज्याएँ | |
| व्यास | |
| जीवाएँ | |

## ❐ वृत्त खींचना




वृत्त खींचने के लिए 'परकार' (कंपास) नामक एक उपकरण का उपयोग करते हैं । परकार (कंपास) की एक भुजा पर धातु की नोक होती है और दूसरी भुजा पर पेंसिल लगाने की सुविधा होती है । परकार (कंपास) में हम प्राय: उपयुक्त लंबाईवाली एक पेंसिल लगाते हैं ।

## ❒ परकार की सहायता से वृत्त खींचने की कृति





- सर्वप्रथम परकार में पेंसिल लगाओ । परकार की धातुवाली नोक और पेंसिल की नोक चित्र में दर्शाए अनुसार मिला लो ।




- धातु की नोक और कंपास की नोक के बीच सुविधाजनक दूरी रखो ।
- कागज पर किसी स्थान पर एक बिंदु लो ।
- धातु की नोक उस बिंदु पर स्थिर रखकर पेंसिल की नोक कागज पर घुमाओ । पेंसिल द्वारा तैयार हुई आकृति वृत्त की आकृति होगी ।

जिस बिंदु पर परकार की नोक रखी होती है,
वह उस वृत्त का केंद्र होता है ।
आकृति में बिंदु C वृत्त का केंद्र है ।




दी गई त्रिज्यावाला वृत्त खींचने के लिए परकार की नोक तथा पेंसिल की नोक के बीच त्रिज्या जितनी दूरी लेकर वृत्त खींचते हैं ।
संलग्न आकृति में यह दूरी 3 सेमी है । इसलिए यह दूरी लेकर खींचे गए वृत्त की त्रिज्या 3 सेमी होगी ।


## प्रश्नसंग्रह 28

**1.** नीचे दी गई त्रिज्यावाले वृत्त खींचो ।

(1) 2 सेमी (2) 4 सेमी (3) 3 सेमी

**2.** किसी भी त्रिज्यावाला एक वृत्त खींचो । उस वृत्त का एक व्यास, एक त्रिज्या और एक जीवा दर्शाओ ।

## ❒ त्रिज्या और व्यास में संबंध




बाईं ओर दी गई आकृति का निरीक्षण करो । नीचे दिए गए प्रश्नों के आधार पर विचार करो ।




- आकृति में त्रिज्याएँ कौन-सी हैं ?
- व्यास AB कितनी त्रिज्याओं से मिलकर बना है?
- यदि इस वृत्त की त्रिज्या की लंबाई 3 सेमी हो, तो व्यास की लंबाई कितनी होगी?
- व्यास की लंबाई त्रिज्या की लंबाई की कितनी गुनी है ?

**वृत्त का व्यास त्रिज्या की दुगुनी लंबाईवाला होता है ।**


- यदि इसी वृत्त का एक अन्य व्यास रेखाखंड CD खींचें, तो क्या इसकी लंबाई व्यास AB की लंबाई जितनी ही होगी?

**एक ही वृत्त के सभी व्यास समान लंबाईवाले होते हैं।**

**सत्यापन 1. :** नीचे दिए गए वृत्तों की त्रिज्याएँ तथा व्यास पट्टी की सहायता से नापकर त्रिज्या और व्यास के संबंध का सत्यापन करो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| आकृति |  |  |  |
| त्रिज्या | 1 सेमी | | |
| व्यास | 2 सेमी | | |

**सत्यापन 2.**




1. कागज पर एक वृत्त खींचकर वृत्ताकार कागज काट लो।
2. वृत्त के केंद्र का नाम P रखो।
3. वृत्त का व्यास खींचकर उसका नाम AB रखो। ध्यान दो कि PA तथा PB त्रिज्याएँ हैं।
4. आकृति में दर्शाए अनुसार व्यास AB पर वृत्ताकार कागज मोड़ो।
5. अब बिंदु P पर कागज को इस प्रकार मोड़ो कि बिंदु B, बिंदु A से मिल जाए। त्रिज्या PA और त्रिज्या PB एक-दूसरे को पूर्णत: ढँक लेती हैं।

इससे यह स्पष्ट होता है कि वृत्त की त्रिज्या, उसके व्यास AB की लंबाई की आधी है।

## प्रश्नसंग्रह 29

**1.** यदि वृत्त की त्रिज्या 5 सेमी हो, तो उसका व्यास कितना होगा ?


**2.** यदि वृत्त का व्यास 6 सेमी हो, तो उसकी त्रिज्या कितनी होगी ?

**3.** रिक्त स्थानों की पूर्ति करके नीचे दी गई तालिका पूर्ण करो ।

| त्रिज्या | 4 सेमी | | 9 सेमी | |
|---|---|---|---|---|
| व्यास | | 16 सेमी | | 22 सेमी |

## ❐ वृत्त का आंतरिक भाग और बाह्य भाग

हम मैदान में एक वृत्त खींचकर 'भीतर-बाहर' का खेल खेलते हैं । इस खेल में जो बच्चे वृत्त के भीतर होते हैं, उन्हें हम 'भीतर' कहते हैं और जो बच्चे वृत्त के बाहर होते हैं, उन्हें 'बाहर' कहा जाता है ।





संलग्न आकृति में T केंद्र वाले वृत्त पर K, L, M, N बिंदु हैं ।

वृत्त के अंदरवाले भाग को वृत्त का आंतरिक भाग कहते हैं । संलग्न आकृति में रँगा हुआ भाग वृत्त का आंतरिक भाग है । बिंदु P, Q, R, T वृत्त के आंतरिक भाग के बिंदु हैं ।

वृत्त के बाहरवाले भाग को उस वृत्त का बाह्य भाग कहते हैं । बिंदु A, B, C, D वृत्त के बाह्य भाग में हैं ।

### प्रश्नसंग्रह 30

आकृति में दिए गए वृत्त के आंतरिक भाग, बाह्य भाग तथा वृत्त पर स्थित बिंदुओं के नाम सारणी में लिखो ।

| आकृति | आंतरिक भाग के बिंदु | बाह्य भाग के बिंदु | वृत्त पर स्थित बिंदु |
|---|---|---|---|
|   | | | |

## ❐ वृत्त की परिधि




वृत्ताकार किनारेवाली एक कटोरी लो ।

कटोरी के चारों ओर धागे का एक फेरा लेकर धागे का वृत्त तैयार करो ।


लपेटा हुआ धागा बाहर निकालकर उसे सीधा करो ।

पट्टी की सहायता से सीधे किए गए इस धागे की लंबाई नापो । मिलने वाली यह लंबाई ही धागे से तैयार किए गए वृत्त की परिधि है ।



वृत्त की परिधि 12 सेमी 3 मिमी है ।


## ❐ वृत्त का चाप




बाईं ओरवाले चित्र में प्लास्टिक की एक वृत्ताकार चूड़ी दिखाई गई है ।

यदि यह चूड़ी बिंदु A और B पर टूट जाए, तो चित्र में दर्शाए अनुसार इस चूड़ी के दो भाग होंगे ।

ऐसे प्रत्येक भाग को **वृत्त का चाप** कहते हैं ।




संलग्न आकृति में वृत्त पर P और Q दो बिंदु हैं । इन बिंदुओं के कारण वृत्त के दो भाग बन रहे हैं ।

ऐसे प्रत्येक भाग को **वृत्त का चाप** कहते हैं ।

इस प्रकार P और Q बिंदुओं के कारण दो चाप तैयार हुए हैं । बिंदु P और बिंदु Q प्रत्येक चाप के अंतबिंदु हैं ।


'चाप PQ' नाम से यह स्पष्ट नहीं होता कि यह दोनों चापों में से निश्चित रूप से किस चाप का नाम है । इसे समझने के लिए प्रत्येक चाप पर अंतबिंदुओं के अतिरिक्त और एक अन्य बिंदु भी लेते हैं । इस बिंदु का उपयोग करके चाप को तीन अक्षरों द्वारा नाम देते हैं । आकृति में चाप PSQ और चाप PRQ, इन दोनों चापों के नाम हैं ।


### प्रश्नसंग्रह 31

1. संलग्न आकृति में वृत्त पर S, L, M, N बिंदु हैं । आकृति के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो ।


   (1) जिन चापों के अंतबिंदु S और M हैं, उन चापों के नाम लिखो ।

   (2) जिन चापों के अंतबिंदु L और N हैं, उन चापों के नाम लिखो ।




2. 


संलग्न आकृति में बिंदुओं A, B, C और D द्वारा तैयार होने वाले चापों के नाम लिखो ।




3. संलग्न वृत्त की आकृति के बिंदुओं P, Q, R, S और T द्वारा बनने वाले चापों के नाम लिखो ।

4. विभिन्न वृत्ताकार वस्तुओं की परिधियाँ नापो और लिखो ।
   (सिलाई के काम में उपयोग में आने वाले टेप द्वारा परिधि नापने में सुविधा होती है ।)

✦✦✦